कार्यालय– जिला न्यायाधीश, बांदा।

नीलामी की सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय के पत्र सं0 5457/एडमिन दिनांकित 07.08.2025 के अनुपालन में न्यायालय परिसर बांदा स्थित साईकिल स्टैण्ड की नीलामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के शेष समय हेतु खुली नीलामी बोली नजारत अनुभाग जिला जजी बांदा में दिनांक 25.09.2025 को सांय 4.30 बजे निम्नानुसार होगी।

	दुकान का प्रकार जजी परिसर	जमानत धनराशि	न्यूनतम बोली	बोली का समय
1.	साईकिल स्टैण्ड	18610/–	26584/– (मासिक)	सांय 4.30 बजे

1. बोली बोलने वाले को बोली से पूर्व उपरोक्तानुसार पृथक–पृथक नकद जमानत धनराशि जमा करनी होगी, जो बोली समाप्त होने के पश्चात स्वीकृत बोली के अतिरिक्त, शेष बोली बोलने वालों को लौटा दी जायेगी।

2. बोली स्वीकृत होने की दशा में , स्वीकृत बोली की 1/4 राशि उसी समय नकद जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि तय किस्तों में देय होगी। संन्दर्भित बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को ठेका प्राप्त करने के लिये निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दो दिन के अन्दर निष्पादित करना होगा।

3. बोली बोलने वाले व्यक्ति को अपनी पहचान हेतु आधार कार्ड और पैन कार्ड लाना अनिवार्य है।

4. बोली बोलने वाला व्यक्ति बकायेदार व काली सूची के अर्न्तगत न आता हो।

5. जल एवं विद्युत व्यवस्था , ठेकेदार को स्वयं करनी होगी।

6. बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने व नीलामी की तिथि स्थगित करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा । नीलामी से सम्बन्धित अन्य जानकारी केन्द्रीय नाजिर जिला जजी, बांदा से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक :–

Chandrapal 1.9.2025

(चन्द्र पाल–।।)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला जज,
बांदा